नेमी टिप्पणी सं. 20011/75/2020 -हिन्दी
दिनांक-24 सितम्बर, 2021

राजभाषा अनुभाग

विषय : निदेशालय के प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यक्तिश: आदेश जारी करने हेतु अद्यतन डाटा उपलब्ध कराने के संबंध में।

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित किया जाता है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की राजभाषा नीति के अनुसार कार्यालय के प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रति वर्ष व्यक्तिश: आदेश जारी किया जाना अपेक्षित है।

2. वर्तमान में निदेशालय के बहुत से कार्मिक स्थानांतरित हुए हैं और कुछ सेवानिवृत्त भी हुए हैं। इनकी अद्यतन जानकारी हिंदी अनुभाग में उपलब्ध नहीं है।

3. उक्त के संबंध में निदेशालय के सभी अनुभाग अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने अनुभाग में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हिंदी ज्ञान की स्थिति के बारे में आवश्यक जानकारी इस पत्र के साथ संलग्न प्रपत्र में भरकर हिंदी अनुभाग में दिनांक 08 अक्टूबर 2021 तक अग्रेषित करवाने का कष्ट करें ताकि अद्यतन जानकारी उपलब्ध हो सके और तद्नुसार आवश्यक कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जा सके ।

24.09.2021
(डॉ. राजीव कुमार सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

संलग्न : यथोपरि

प्रतिलिपि प्रेषित:

1. निदेशक महोदय के प्रधान निजी सचिव: सादर सूचनार्थ एवं साथ निजी अनुभाग में कार्यरत स्टॉफ की डाटा भेजने के अनुरोध के साथ।
2. सभी संयुक्त निदेशक- कृपया निजी अनुभाग में कार्यरत स्टाफ की डाटा भेजने के अनुरोध के साथ।
3. निदेशालय के सभी अनुभाग अधिकारी :- कृपया आवश्यक कार्रवाई हेतु।
4. सहायक निदेशक (संचार केन्द्र) :- कृपया संचार केन्द्र में कार्यरत कार्मिकों (गृह मंत्रालय, डी.सी.पी.डब्ल्यू. संचार केन्द्र सहित) का डाटा उपलब्ध कराने के अनुरोध के साथ।
5. उप निदेशक, पोलनेट हब :- कृपया आवश्यक कार्रवाई हेतु।
6. सहायक निदेशक, केंद्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वन्दे मातरम् मार्ग, नई दिल्ली ।
7. स.नि., सूचना प्रौद्योगिकी: विभाग की वेबसाइट के सर्कुलर भाग में अपलोड करने हेतु। सभी अं.रा.पु.बे.स्टेशन के सं.स.नि./स्टे.अ. को भी इसी प्रकार की कार्रवाई सुनिश्चित करने के आशय के साथ।
8. कार्यालय प्रति।

हिन्दी प्रशिक्षण संबंधी रोस्टर का प्रपत्र

अनुभाग/केन्द्र का नाम : ....

1	2	3	4	5	6			7	8
क्रम सं.	कार्मिक का नाम व पदनाम	जन्मतिथि	मातृ भाषा	शैक्षिक योग्यता	हिंदी ज्ञान की स्थिति/ हिंदी योग्यता			प्रशिक्षण की स्थिति (हिंदी टाइपिंग , हिंदी प्रबोध,प्रवीण, या प्राज्ञ या)	अभ्युक्ति
					(क)	(ख)	(ग)		
					कक्षा 10 या इससे उच्चत्तर शिक्षा का माध्यम (हिंदी, अंग्रेजी या अन्य)	क्या कक्षा 10 या इससे उच्च शिक्षा हिंदी एक विषय के साथ उत्तीर्ण की है (हां या नहीं)	क्या स्नातक में या उससे उच्चतर शिक्षा में हिंदी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में लिया था। (हां या नहीं)		